दिनांकः 12.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केन्द्र सरकार ने राजस्थान और आंध्र प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों को चालू वित्तीय वर्ष के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त जारी कर दी है। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि राजस्थान को विधिवत निर्वाचित 22 पात्र जिला पंचायत, 287 पात्र ब्लॉक पंचायत और 9 हजार 68 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए लगभग 507 करोड़ रुपये का बेसिक अनुदान और लगभग 761 करोड़ रुपये का टाइड ग्रांट मिला है। इस राशि से पंचायतें 29 विषयों में कृषि और ग्रामीण आवास सहित शिक्षा और स्वच्छता के लिए स्थानीय जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी। वहीं स्वच्छता, खुले में शौच मुक्त और जल प्रबंधन जैसी मुख्य सेवाओं पर भी इस राशि को खर्च किया जा सकेगा।

....................

पीएम इंटर्नशिप योजना के पोर्टल को आज पंजीकरण के लिए खोला जा रहा है। इस महीने की 25 तारीख तक खुले रहने वाले इस पोर्टल के माध्यम से सरकार का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान सवा लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। पायलट प्रोजेक्ट की कुल लागत 800 करोड़ रुपये होगी। इसके तहत 21 से 24 वर्ष की आयु के एक करोड़ उम्मीदवारों को पांच साल की अवधि में इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी।

...........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज भरतपुर के कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पक्षियों और वन्यजीवों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने उद्यान का भ्रमण कर सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने उद्यान में पांचना बांध और चंबल नदी से आए पानी के संबंध में भी चर्चा की।

इस दौरान श्री शर्मा ने कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के समुचित विकास को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। दो दिन के प्रवास के आज दूसरे दिन मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर रहे हैं। श्री शर्मा का आज भरतपुर के साथ ही डीग, धौलपुर, करौली और सवाईमाधोपुर जिले के अधिकारियों से विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेने का कार्यक्रम है।

...........................

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी का त्यौहार आज श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जगह–जगह रावण दहन के कार्यक्रम रखे गए हैं। शुभ मुहुर्त में शाम को बुराई के प्रतीक रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। प्रदेशभर में कई जगह परम्परागत रूप से मेलों का भी आयोजन हो रहा है।

कोटा के प्रसिद्ध दशहरा मेले में बड़ी संख्या में आमजन शामिल हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि विजयश्री रंगमंच पर परम्परागत तरीके से रावण दहन किया जाएगा। इस बार रावण का अस्सी फुट का पुतला बनाया गया है। राजधानी जयपुर में भी जगह–जगह रावण दहन के आयोजन हो रहे हैं। आदर्श नगर, विद्याधर नगर, मानसरोवर और प्रताप नगर सहित सौ से अधिक स्थानों पर शाम को विधिवत रूप से रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किये गए हैं।

विजयदशमी पर परम्परागत रूप से कई संगठनों और मंदिरों में शस्त्र पूजन के आयोजन भी हो रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयं संघ–आर.एस.एस. की ओर से आज पथ संचलन के कार्यक्रम रखे गये। हिंदु संगठनों की ओर से भी कई जगह मार्च पास्ट निकाले गए।

.......................

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज विजादशमी के अवसर पर दार्जिलिंग के सुकना छावनी में शस्त्र पूजा की और सेना के जवानों के साथ त्योहार मनाया। उन्होंने सेना के 33 कोर मुख्यालय में पारम्परिक शस्त्र पूजा में भाग लिया। रक्षा मंत्री ने जवानों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में शस्त्र पूजा की यह बहुत पुरानी परम्परा है।

.............................

झालावाड़ ज़िले के झालरापाटन स्थित सूर्य मंदिर में आज परम्परागत रूप से ध्वज पताका चढ़ाई गई। आठवीं शताब्दी में बने इस सूर्य मंदिर में 97 फुट की ऊंचाई पर स्थित शिखर पर पुजारियों ने विधि विधान के साथ भगवान सूर्य को पताका समर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

........................

राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेन्द्र प्रकाश सोनी का आज जोधपुर में निधन हो गया। कल रात सीने में दर्द और घबराहट के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। श्री सोनी को जनवरी 2023 में राजस्थान उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।

.............................

विश्व गठिया रोग दिवस पर आज जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। हड्डियों में पोषक तत्वों की कमी के गठिया या अर्थराइटिस बीमारी होती है। हड्डी रोग के प्रति जागरूकता के लिए हर वर्ष 12 अक्टूबर को यह दिन मनाया जाता है।

.................................